क क त्न म

स ल

२२५

क क ल

ॐ मंगलो भूमिपुत्रश्च ऋणहर्त्ता धनप्र
स्थिरासनो महाकायः सर्वकामविरोध
लोहितो लोहिताक्षश्च सामगानां कृपाक
धरात्मजः कुजो भौमो भूमिदो भूमिनंदन
अंगारको यमश्चैव सर्वरोगापहारकः
ष्टि कर्त्तापहर्त्ता च सर्वकामफलप्रदः ३
नि कुजनामानि नित्यं यः श्रद्धया पठेत् ॥
णं न जायते तस्य धनं शीघ्रमवाप्नुयात् ४
णीगर्भसंभूतं विद्युत्कांतिसमप्रभम् ॥ कु
मारं शक्तिहस्तंच मंगलं प्रणमाम्यहं ५ स्तोत्र
गारकस्यैतत्पठनीयं सदा नृभिः ॥ न तेषां भौ
मजा पीडा स्वल्पापि भगवन्क्वचित् ६ अंगा
रक महाभाग भगवन्भक्तवत्सल ॥ त्वां
नमामि ममाशेषमृणमाशु विनाश
ऋणरोगादिदारिद्र्यं ये चान्ये ह्यपमृत्यव

ॐ अस्य श्री कार्तवीर्यार्जुन मंत्रस्य दत्तात्रेय ऋ
षिः अनुष्टुप् छंदः कार्तवीर्यार्जुनो देवता ॐ
बीजं । नमः शक्तिः ॥ मम नष्ट द्रव्य प्राप्त्यर्थे जपे
विनियोगः ॥ ॐ कार्तवीर्यार्जुनो नाम हृदयाय न
मः ॥ राजा बाहुसहस्रवान् शिरसे स्वाहा ॥ तस्य सं
स्मरणादेव शिखायै वषट् ॥ हृतं नष्टं च लभ्यते कव
चाय हुं ॥ कार्तवीर्यार्जुनो नाम राजा बाहुसहस्र
वान् । तस्य संस्मरणादेव हृतं नष्टं च लभ्यते
अस्त्राय फट् ॥ ध्यानं ॥ उद्यत्सूर्यसहस्रकांतिरखि
लक्षोणीधवैर्वंदितो हस्तानां शतपंचकेन दध
धच्चापानिषुं स्तावता ॥ कंठे हाटकमालया परि
वृतश्चक्रावतारो हरेः पायात्स्यंदनगो रुणाभ
वसनः श्रीकार्तवीर्यो नृपः ॥ मंत्रः ॐ कार्तवी
र्यार्जुनो नाम राजा बाहुसहस्रवान् । तस्य संस्म
रणादेव हृतं नष्टं च लभ्यते ॥

देशकालौ संकीर्त्य ममुकोत्रः ऽमुकशर्मा मम कृ
तव्यवहारसंबंधतः नष्ट द्रव्य प्राप्त्यर्थं श्रीकार्तवी
र्यप्रसादसिद्धि द्वारा तरितामीष्ट सिद्ध्यर्थं ॐ कार्त
वीर्यार्जुनो नामेत्यनुष्टुप् मंत्रस्याष्टोत्तरसहस्रसं

ख्याकजपमहं करिष्ये ॥ तदंगत्वेन दीपस्थापनं करिष्ये ॥ कार्त्तवीर्यार्जुनो नाम राजा बाहुसहस्रवान् तस्य संस्मरणादेव हृतं नष्टं च लभ्यते
१ गतं नष्टं च दुष्कृतं पदार्थं लभ्यते

श्रीगणेशाय नमः ॐ ह्रीं श्रीं सर्वमंगलमांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके ॥ मम नष्टद्रव्याकर्षणं सुव्यवहारं कुरु कुरु ॥ शरण्ये त्र्यंबके गौरि नारायणि नमोस्तु ते ॥ इति मंत्रस्य ऋषिः अनुष्टुप् छंदः गौरी देवता मम नष्टद्रव्याकर्षणपूर्वकसुव्यवहारसिध्यर्थं जपे विनियोगः ऋष्यादिन्यासं कृत्वा षडंगं कुर्यात् ॥ ह्रां ह्रीं इत्यादिना षडंगः ॥ गौरीदेहात्समुद्भूतां सत्वैकगुणाश्रया ॥ साक्षात्सरस्वती प्रोक्ता शुंभासुरनिबर्हिणी ॥ दधाना चाष्टभुजा बाणमुसले शूलचक्रभृत् ॥ शंखं घंटां लांगलं च कार्मुकं वसुधाधिप ॥ एषा संपूजिता भक्त्या सर्वज्ञत्वं प्रयच्छति ॥ इति

१२	१४	२	७
६	३	१६	१५
१८	१३	८	१
६	५	१६	११

इस यंत्र को लिखे मार्ग
की धूर से और को टले
मारे तो बंदे स गया मनु
ष्य घर मे फेर आवे
चुरा दी मिटी नाल

ह्रूं	ह्रूं	ह्रूं	ह्रूं
ईं	ईं	ईं	ईं
जें	जें	जें	जें
ह्रीं	ह्रीं	ह्रूं	ह्रूं

कनेर की कलम

इस यंत्र को अं कारे की
कलम कनेर की छाया
मे बैठ कर लिखे नष्ट पद
रथ फेर प्रापत होवे

५५

ॐ श्री गणेशाय नमः ॐ अस्य श्री प्रारूढास
रस्वती स्तोत्र मंत्रस्य ॥ ब्रह्मा ऋषि: । गाय
त्री छंद: । सरस्वती देवता । ऐं बीजं । ह्रीं श
क्तिः क्लीं कीलकां मम सिद्ध्यर्थे जपे विनियो
गः ॥ प्रारूढा श्वेत हंसे भ्रमति च गगने दक्षि
णे चाक्षसूत्रं वामे हस्ते च दिव्यं कर कनक मयं
पुस्तकं ज्ञान गम्या ॥ सा वीणां वादयंती स्व
कर कर जपै: शास्त्र विज्ञान शब्दै: क्रीडं

त्री पिवरूपावरकमलधरा भारतीसुप्रन्ना॥ ह्रीं
ह्रीं ह्रीं हरूपबीजे शशिरुचिकमले कल्पविस्पष्ट
सोभे॥ भव्ये भव्यानुकूले कुमतिवनदहे विश्ववं
द्यांघ्रिपद्मे॥ पद्मे पद्मोपनिष्ठे प्रणतजनम
नोमोदसंपादयित्रि प्रोत्फुल्लज्ञानकूटे हरि
हरदयिते देवि संसारसारे॥ सौंः सौंः सौंः श
क्तिबीजे कमलभवमुखांभोजभूतस्वरूपे
रूपारूपप्रकाशे सकलगुणमये निर्गु
णे निर्विकारे॥ न स्थूले नैव सूक्ष्मे प्यविदि
त विभवे जाप्य विज्ञानतत्वे विश्वे विश्वा
न्तराले सुरगणनमिते निष्कले नित्यशु
द्धे॥३॥ ह्रें ह्रें ह्रें जाप्यतुष्टे हिमरुचिमुकु
टे वल्लकी [illegible] ग्रहस्ते मातर्मातर्नमस्ते द
ह दह जडतां देहि बुद्धिं [illegible] शस्तां॥ विद्ये
वेदांतगीते श्रुतिपरिपठिते मोक्षदे मु
क्तिमार्गे वाचातीतस्वरूपे भव मम वर
दा शारदे शुभ्रहारे॥४॥ धीं धीं धीं धा

रणाख्ये धृतिमतिनुतिभिर्नौमि मिः कीर्तिनी
ये ॥ नित्ये नित्ये निमित्ते मुनिगणनमिते नूत
ने वै पुराणे ॥ पुण्ये पुण्यप्रवाहे हरिहरनमि
ते वर्णितत्वे स्ववर्णे मातृमात्राद्भुतत्वे मुनि
मति मति ये माधवी प्रीतिनादे ॥५॥ क्लीं क्लीं
क्लीं सुस्वरूपे दह दह दुरितं पुस्तकव्यग्र
हस्ते संतुष्टाकारचित्ते स्मितमुखि सुभगे जृं
भिणि स्तंभविद्ये ॥ मोहे मुग्धप्रबोधे मम
कुरु विमतिध्वांतविध्वंसमीड्ये गीर्गौर्वा
र भारती त्वं कविमुखरसने सिद्धिदे सिद्धि
साध्ये ॥६॥ स्तौमि त्वां त्वां च वंदे मम खलु र
सनें मा कदाचित्त्यजेथा ॥ मा मे बुद्धिर्विरु
द्धा भवतु न च मनो देवि मे जातु पापं ॥ मा
मे दुःखं कदाचित् क्वचिदपि समये पुस्तके ना
कुलत्वं शास्त्रे वादे कवित्वे प्रसरतु मम धी
र्मास्तु कुंठा कदाचित् ॥७॥ इत्येतैः श्लोक
मुख्यैः प्रतिदिनमुषसि स्तौति यो भक्ति

नमो वाणी वाचस्पतेरप्यविदितविभवा वा
त्तिर्मिषु पंक्तः ॥ सः स्यादिष्टार्थलाभः सुतमि
व सततं साच मां पातु देवी सौभाग्यं तस्य लोके प्र
सरतु कविता वि[?]मस्तं प्रयाति ॥८॥ निर्विघ्नं
तस्य विद्या प्रभवति सततं चाश्रुतं ग्रंथबोधः
कीर्तिस्त्रैलोक्यमध्ये निवसतु वदने शारदा
तस्य साक्षात् ॥ दीर्घायुर्लोकपूज्यः सकलगु
णनिधिः संततं राजमान्यो वाग्देव्याः संप्रसा
दात्त्रिजगति विजयी जायते सत्सभासु ॥ ब्र
ह्मचारी व्रती मौनी त्रयोदश्यां निरामिषः ॥
सारस्वतजयात् पाठात् स स्यादिष्टार्थलाभ
वान् ॥१०॥ पक्षद्वये त्रयोदश्यामेकविंशति
संख्यया ॥ अविच्छिन्नं पठेद्धीमान् ध्यात्वा
देवीं सरस्वतीं ॥११॥ शुक्लांबरधरां शुक्लां
सर्वाभरणभूषितां ॥ सर्वपापविनिर्मुक्तः
सुभगो लोकविश्रुतः वांछितं फलमाप्नोति
स लोके नात्र संशयः १२ इति श्रीशिवागवे
सरस्वती स्तोत्रं संपूर्णं

अस्य श्रीरक्तचामुंडा मन्त्रस्य आनिंदमोहन भैरव ऋषिः गायत्री छंदः श्री सद्यः सिद्धि करी रक्तचामुंडा देवता ह्रां बीजं ह्रीं शक्तिः ह्रूं कीलकं मम सर्वजन वशीकरणे विनियोगः

ह्रां ह्रीं मित्यादि षडंगन्यासः॥ ध्यानं॥ रक्तांबरा रक्तवर्णा रक्तसर्वांगभूषणा रक्तायुधा रक्तनेत्रा रक्तकेशाति भीषणा॥ रक्ततीक्ष्णनखा रक्तरसना रक्तदंष्ट्रिका॥ पतिनारीवानुरक्ता देवी भक्तमनोजनं॥ वसुंधरेव विपुला सा सुमेरु युगलस्तनी॥ दीर्घौ लंबावति स्थूलौ तावतीव मनोहरौ॥ कर्कशावतिकांतौ तौ सर्वानंद पयोनिधी॥ भक्तान पाययेद्देवी सर्वकामदुघौस्तनौ॥ खड्गं पात्रं च मुसलं लांगलं विभर्तिसा॥ आख्याता रक्तचामुंडा देवी योगेश्वरीति च॥ इति ध्यात्वा मानसोपचारैः संपूज्य जपेत् पुरश्चरणं॥ लक्षजपः॥ प्रयोगत्वयुतं॥ अथ मंत्रः ॐ ऐं ह्रीं रक्तचामुंडे कुरु कुरु सर्वजनं मे वशमानाय स्वाहा॥ तद्दशांशहवनं तर्पणं मार्जनं॥ रार्ई॥ रक्तचंदनं॥ कन्याभोजनं॥ ब्राह्मणभोजनं यथाशक्ति॥

अंगन्यास

ह्रां हृदयाय नमः

ह्रीं सिरसे स्वाहा

ह्रूं शिखायै वषट

ह्रैं कवचाय हुं

ह्रौं ~~अस्त्राय फट~~

नेत्रत्रयाय वौषट

ह्रः अस्त्राय फट

॥ श्रीः ॥

लघुपाराशरी

श्रीपराशरमुनिप्रणीत ज्योतिषग्रंथ

पंडितभोलानाथतनूज रामस्वरूपशर्मविरचित

उडुप्रदीपोद्द्योत नाम भाषाटीकासहित ।

यह

श्रीकृष्णदासात्मजखेमराजने

स्वकीय

"श्रीवेंकटेश्वर" यन्त्रालयमें

छापकर प्रसिद्ध किया ।

मुंबई

शके १८१५ संवत् १९५०

॥ श्रीः ॥

लघुपाराशरी

श्रीपराशरमुनिप्रणीत ज्योतिषग्रंथ

पंडितभोलानाथतनूज रामस्वरूपशर्मविरचित
उडुप्रदीपोद्द्योत नाम भाषाटीकासहित।

यह
श्रीकृष्णदासात्मजखेमराजने
स्वकीय
"श्रीवेंकटेश्वर" यन्त्रालयमें
छापकर प्रसिद्ध किया।

मुंबई

शके १८१५ संवत् १९५०

श्रीः ।

श्रीगुरुचरणकमलाभ्यां नमः ।

सान्वय भाषाटीका सहित ।

लघुपाराशरी ।

जयति विधुवंशतिलको देवकीहृदयनन्दनः कृष्णः ॥
मधुप्रभृतिनिधनकारी भक्तगतिः पुण्डरीकाक्षः ॥ १ ॥
श्रीगणेशं नमस्कृत्य पार्वतीनन्दनं परम् ॥
पराशरकृतेःकुर्वे नृभाषामन्वयानुगाम् ॥ २ ॥

सिद्धान्तमौपानिषदं शुद्धान्तं परमेष्ठिनः ॥
शोणाधरं महः किञ्चिद्वीणाधरमुपास्महे ॥ १ ॥

अन्वयः—औपनिषदं सिद्धान्तं, परमेष्ठिनः शुद्धान्तं, वीणाधरं, शोणाधरं, किञ्चित्, महः, उपास्महे ॥ १ ॥

उपनिषदोंका सिद्धान्त, ब्रह्माजीका रनवासरूप, वीणाको धारणकरनेवाला, लालअधरवाला, जो कोई अनिर्वचनीय सरस्वतीरूपतेज है उसको उपासना करते हैं ॥ १ ॥

वयं पाराशरीहोरामनुसृत्य यथामति ॥
उडुदायप्रदीपाख्यं कुर्म्मो दैवविदां मुदे ॥ २ ॥

अन्वयः—वयं दैवविदां मुदे पाराशरीं होरां अनुसृत्य यथामति उडुदायप्रदीपाख्यं कुर्म्मः ॥ २ ॥

हम प्रारब्धकर्म्मोंको जाननेवाले ज्योतिषियोंकी प्रसन्नताके निमित्त पराशरमुनिके कहेहुए लग्नशास्त्रको विचारकर अपनी बुद्धिके अनुसार नक्षत्रोंके फलको अच्छाप्रकारप्रकाश करनेवाले "उडुदायप्रदीप" नामवाले ग्रन्थको रचना करते हैं ॥ २ ॥

फलानि नक्षत्रदशाप्रकारेण विवृण्महे ॥
दशाविंशोत्तरीचात्र ग्राह्या नाष्टोत्तरी मता ॥३॥

अन्वयः—नक्षत्रदशाप्रकारेण फलानि विवृण्महे । अत्र विंशोत्तरी दशा ग्राह्या अष्टोत्तरी न मता ॥ ३ ॥

नक्षत्रदशाकी रीतिसे सुखदुःखराज्य स्त्रीपुत्रधनादिरूप

फलोंको विचारकर प्रकाश करते हैं । यहाँ विंशोत्तरी दशाके अनुसार फल कहना चाहियें और अष्टोत्तरी दशा इस ग्रन्थमें अभिमत नहीं है ॥ ३ ॥

वह विंशोत्तरी दशा जिस प्रकार ग्रन्थान्तरोंमें वर्णन करी गई है सो दिखाते हैं ॥ " तनुनय सित जाया तोपि धन्या सटासा नख इति गदिता सा भास्करादि क्रमेण "—विंशोत्तरी दशा सूर्यकी ६ वर्षकी होती है चन्द्रमाकी १० वर्षकी मङ्गलकी ७ वर्षकी राहुकी अठारह१८वर्षकी बृहस्पतिकी१६ वर्षकी शनिकी १९ वर्षकी बुधकी १७ वर्षकी केतुकी ७ वर्षकी और शुक्रकी२०वर्षकी होती है॥विंशोत्तरी दशामें ग्रह रखनेका क्रम दिखाते हैं " रविश्चन्द्रः कुजो राहुर्गुरुर्मन्दो बुधस्तथा । केतुर्भृगुसुतश्चापि दशाधीशा अमी क्रमात् "—सूर्य्य—चन्द्रमा—मङ्गल राहु—बृहस्पति—शनि—बुध—केतु—और शुक्र यह क्रमसे दशाओंके स्वामी हैं ॥ दशाजाननेकी रीति लिखते हैं.

"नयनो नजनोर्भतो ङ्हक्रमशोर्केन्दुकु

सू.	चं.	मं.	रा.	बृ.	श.	बु.	के.	शु.	दशाधीश
६	१०	७	१८	१६	१९	१७	७	२०	वर्ष

जागुसुरयः । शनिचन्द्रजकेतुभार्गवाः परिशेषास्तु दशाधिपाः स्मृताः " अश्विनीआदि नक्षत्रोंमें आदिके दो नक्षत्र घटाकर

कृत्तिकादि नक्षत्रोंको नौ नौ तीन वार क्रमसे सूर्य्यादि ग्रहोंके नीचे लिखै सूर्य्यादि ग्रहों के नीचेके जि स नक्षत्रमें जन्म हो उसी की दशा होती

सू.	चं.	मं.	रा.	बृ.	श.	बु.	के.	शु.
६	१०	७	१८	१६	१९	१७	७	२०
कृ.	रो.	मृ.	आ	पु.	पु.	श्ले.	म.	पू. फा.
उ. फा.	श्र.	चि.	स्वा	वि.	मू.	ज्ये.	पू.	पू. षा.
उ. षा.	ह.	ध.	श.	पू भा.	उ. भा.	उ.	अ.	भ.

है जैसेकि किसी मनुष्यका जन्म मघा नक्षत्रमें हुआ तौ उसके जन्मसमय केतुकी दशा जानना चाहियें क्यौं कि मघा नक्षत्र केतुके नीचेके कोठेमें लिखा है ॥ विंशोत्तरी दशाका भुक्त भोग्य निकालनेकी रीति लिखते है जन्मकालमें जो दशा होय उसको जन्म नक्षत्रकी गत घडियोंसे गुणा करै जो गुणनफल हो उसमें जन्म नक्षत्रकी सम्पूर्ण घडियोंका भाग देयजो लब्धि होय वह भुक्त दशा होती है और शेष भोग्यदशा होती है ॥ अन्तर्दशाके विना सूक्ष्मफलका ज्ञान नहीं होता है इस कारण अन्तर्दशा लानेकी रीति लिखते हैं "स्वदशा रामगुणिता तद्दशागुणिता पुनः। खरामभागतो लब्धं फलं मासादिकं भवेत्" जिस दशामें अन्तर्दशालानी हों उसको तीनसे गुणाकरै जो गुणन फल हो उसको ध्रुव अङ्कमानै और सूर्य्यादि ग्रहोंकी दशाओंसे गुणाकरकै सब स्थानोंमें तीसका भाग देय जो लब्धि

हों वह क्रमसे सूर्य्यादि ग्रहोंकी अन्तर्दशाका मासादिक प्रमाण जानै ॥ जैसे सूर्य्यकी दशामें अन्तर्दशा लानाहै तौ सूर्य्यकी दशा ६ को तीनसे गुणा किया तब १८ हुए यह ध्रुवअङ्क

र.	च.	मं.	रा.	बृ.	श.	बु.	के.	शु.	०
३	६	४	१०	९	११	१०	४	१२	मा.
१९	०	६	२४	१९	१२	६	६	०	दि.

हुआ इसको सूर्य्यकी दशा ६ से गुणा किया तब १०८ हुए इसमें तीसका भाग दिया तौ ३ तीन लब्धि हुए यह अन्तर्दशाके मास हुए और शेषबचे १८ इसको दिन करनेके लिये ३० से गुणा किया तब ५४० हुए इसमें तीसका भाग दिया तब १८ लब्धि हुए यह दिन हुए इस प्रकार सूर्य्यकी दशामें सूर्य्यकी अन्तर्दशा तीन मास और १८ दिन रहती है इसी प्रकार सूर्य्यकी दशामें चन्द्रमाकी दशाका अन्तर जाननेके लिये ध्रुवाङ्क १८ को चन्द्रमाकी दशा १० से गुणा किया तव १८० हुए इसमें ३० का भाग दिया तब ६ लब्धि हुए यही छः मास सूर्य्यकी दशामें चन्द्रमाकी अन्तर दशा हुई इसी प्रकार और-भी जानना ॥ औरभी अन्तर दशा जाननेकी सुधी रीति है सम्पूर्ण दशाओंका छटा भाग शुक्रकी अन्तर दशा होती है और शुक्रकी अन्तरदशामें दशेश्वरकें दिन घटानेसे शनिकी अन्तर्दशा होती है उसमेंभी दशेश्वरके दिन घटानेसे राहुकी अन्तरदशा होती है इसमेंभी दशेश्वरके दिन घटानेसे

बुधकी अन्तर दशा होती इसमेंभी दशेश्वरके दिन घटानेसे बृहस्पतिकी अन्तरदशा होती है राहुकी दशाका तिसरा भाग सूर्यकी अन्तरदशा होती है सूर्यकी अन्तरदशामें दशेश्वरके दिन जोड देनेसे मङ्गलकी अन्तर दशा हो जाती है और जितनी मङ्गलकी अन्तर दशा होती है उतनीही केतुकी होती है जैसे सूर्यकी दशामें अन्तर जाननेके लिये सूर्यकी दशा ६ का छटा भाग एक वर्ष शुक्रकी अन्तर दशा इसमे हुई दशेश्वर सूर्यकी अन्तर दशाके दिनों १८को घटाया तौ ११ मास और १२दिन शनिकी अन्तर दशा हुई इसी प्रकार औरभी जानना॥

बुधैर्भावादयः सर्वे ज्ञेयाः सामान्यशास्त्रतः ॥
एतच्छास्त्रानुसारेण संज्ञां ब्रूमो विशेषतः ॥ ४ ॥

अन्वयः-बुधैः सर्वे भावादयः सामान्यशास्त्रतः ज्ञेयाः । एतच्छास्त्रानुसारेण संज्ञां विशेषतः ब्रूमः ॥ ४ ॥

ज्योतिश्शास्त्रके जाननेवाले विद्वानोंको तनु-धन-सहज-सुख सुत-रिपु-जाया-मृत्यु-धर्म्म-कर्म्म-आय-और व्यय यह वारह भाव और मेषवृषभ-मिथुन-कर्क-सिंह-कन्या-तुला-वृश्चिक धन-मकर-कुम्भ-मीन यह वारह राशि तथा इनके स्वभाव इत्यादि जो इस ग्रन्थमें नहीं कहे हैं और इस ग्रन्थमें काम

पडता है वह सब विषय यवनाचार्योंके बनाये हुए सामान्य शास्त्रोंसे जानना चाहियें इस पाराशरी ग्रन्थमें कुछ संज्ञा सामान्यशास्त्रोंसे अलग हैं उनको आगे विशेष रूपसे कहेंगे॥४॥

पश्यन्ति सप्तमं सर्वे शनिजीवकुजादयः॥
विशेषतश्च त्रिदशत्रिकोणचतुरष्टमान् ॥ ५ ॥

अन्वयः—सर्वे सप्तमं पश्यन्ति । शनिजीवकुजाः पुनः त्रिदशत्रिकोणचतुरष्टमान् विशेषतः पश्यन्ति ॥ ५ ॥

सूर्य्यादि सबग्रह अपने स्थानसे सप्तम परस्थित ग्रहको पूर्ण दृष्टिसे देखते हैं।और शनि बृहस्पति तथा मङ्गल यह तीनों तौ और राशियोंमें स्थित ग्रहोंकोभी देखते हैं जैसे शनि अपने स्थानसे तीसरे और दशमें तथा (चकारसे) सप्तम स्थानमें स्थित ग्रहकोभी देखता है । बृहस्पति अपनेसे त्रिकोण अर्थात् पञ्चम नवम और (चकारसे) सप्तमको पूर्णदृष्टि देखता है। और मङ्गल अपनेसे चोथे आठमें और (चकारसे (सप्तमको पूर्ण दृष्टिसे देखता है ॥ ५ ॥

सब ज्योतिष सम्पूर्ण ग्रन्थोंका यह सिद्धान्त है कि शुभ ग्रह शुभ फल देते है अशुभ ग्रह अशुभ फल देते हैं परन्तु इस ग्रन्थमें यह नियम नहीं हैं इसी बातको दिखाते हैं—

सर्वे त्रिकोणनेतारो ग्रहाः शुभफलप्रदाः ॥
पतयस्त्रिषडायानां यदि पापफलप्रदाः ॥ ६ ॥

अन्वयः—त्रिकोणनेतारः सर्वे ग्रहाः शुभफलप्रदाः भवन्ति । यदि तु सप्तएवग्रहाः त्रिषडायानां पतयः तर्हि पापफलप्रदाः भवंति ॥ ६ ॥

त्रिकोण अर्थात् पञ्चम नवम स्थानके स्वामी शुभ ग्रह होंया पाप ग्रह हों सबही शुभ फल देते हैं । और यदि तृतीय और षष्ठ तथा एकादश स्थानके स्वामी हो तौ पाप ग्रह होंया शुभ ग्रह हों सातोंही पाप फलको देते हैं॥बारहों राशियों (स्थानों) के स्वामी ग्रन्थान्तरमें कहे हैं सो दिखलाते हैं " मेष वृश्चिकयोर्भौमः शुक्रो वृषतुलाधिपः । बुधः कन्यामिथुनयोः कर्काधीशस्तु चन्द्रमाः ॥ १ ॥ धनुर्मीनाधिपो जीवः शनिर्मकर कुम्भयोः।सिंहस्याधिपतिः सूर्य्यो राश्यधीशा इमे स्मृताः।२।" मेष और वृश्चिकका स्वामी मङ्गल है । वृष तुलाका स्वामी शुक्र है । कन्या और मिथुनका स्वामी बुध है । कर्कका स्वामी चन्द्रमा है । धनु और मीनका स्वामी बृहस्पति है । मकर और कुम्भका स्वामी शनि है । और सिंहका स्वामी सूर्य्य है यह राशियोंके स्वामी कहे हैं ॥ ६ ॥

न दिशन्ति शुभं नृणां सौम्याः केन्द्राधिपा यदि॥
क्रूराश्चेदशुभं ह्येते प्रबलाश्चोत्तरोत्तराः॥ ७॥

अन्वयः—सौम्याः यदि केन्द्राधिपाः तर्हि नृणां शुभं न दिशन्ति। चेत् क्रूराः केन्द्राधिपाः तर्हि अशुभं न दिशन्ति। हि एते उत्तरोत्तराः प्रबलाः॥ ७॥

यदि चन्द्रमा बुध बृहस्पति और शुक्र यह शुभ ग्रहभी केन्द्र कहिये लग्न चतुर्थ सप्तम और दशम राशिके स्वामी होयँ तौ मनुष्योंको शुभ फल नहीं देते हैं। और यदि सूर्य्य मङ्गल और शनि यह अशुभ ग्रहभी यदि केन्द्रस्थानोंके स्वामी होय तौ अशुभफल नहीं देते हैं। इन सूर्य्यादि सातों ग्रहोंमें त्रिकोणपति त्रिषडायपति और केन्द्रपति यह उत्तरोत्तर बलवान् होते हैं। जैसे त्रिकोणपति कहिये पञ्चमेश और नवमेश इनमें उत्तर जो नवमेशसो पञ्चमेशसे प्रबल है। तृतीयेश षष्ठेश और एकादशेश इनमें तृतीयेशसे षष्ठेश बलवान् है और षष्ठेशसे एकादशेश बलवान् है।और केन्द्र ग्रह कहिये लग्न चतुर्थ सप्तम और दशम राशिके स्वामी ग्रहोंमें लग्नेशसे चतुर्थेश बलवान् है चतुर्थेशसे सप्तमेश बलवान् है और सप्तमेशसे दशमेश बलवान् है। और त्रिकोणपति त्रिषडायपति केन्द्रपति इनमें त्रिकोण-

पतिसे त्रिषड़ायपति बलवान् हैं त्रिषड़ायपतिसे केन्द्रपति बलवान् होतेहैं ॥ ७ ॥

सम्बन्धवशभी ग्रहशुभ और अशुभफलोंकोदेतेहैं सोई दिखातेहैं-

लग्नाद्व्ययद्वितीयेशौ परेषां साहचर्य्यतः ॥
स्थानान्तरानुगुण्येन भवतः फलदायकौ॥ ८॥

अन्वयः—लग्नात् व्ययद्वितीयेशौ परेषां साहचर्य्यतः स्थानान्तरानुगुण्येन फलदायकौ भवतः ॥ ८ ॥

जन्मलग्नसे गिननेमें जो द्वादश स्थान का स्वामीहो या द्वितीयस्थानका स्वामीहो यह और ग्रहोंके सम्बन्धसे शुभाशुभ फलदेतेहै अर्थात् यदि शुभग्रहकेसङ्ग पड़ेहों तौ शुभग्रहको सम्बन्ध होनेसे शुभ फलही देते है और अशुभ ग्रहके सङ्ग पडेहो तौ अशुभ ग्रहके सम्बन्धसे अशुफलहीदेतेहैं।और यह शुभाशुभफलभी जिसभावमें स्थितहों उसभावके द्वाराही देतेहै अर्थात् यदि मित्रस्थानमें पड़ेहोंतौ मित्रके द्वारा शुभाशुभफलदेतेहैं यदिशत्रुके स्थानमेंपडेंहो तौ शत्रुकेद्वाराही शुभाशुभफलदेतेहैं ॥ ग्रहोंके-प्रदीप्तत्वादिगुण दिखातेहैं ॥ "दीप्तः स्वस्थः प्रमुदितः शान्तो दीनोतिदुःखितः । विकलश्च खलः कोपी नवधा खेचरो भवेत्" दीप्त-स्वस्थ-प्रमुदित-शान्ति-दीन-अतिदुःखित-विकल-खल-और कोपकारक यह नौ प्रकारके ग्रहहोतेहैं ॥ "उच्चस्थः

खेचरोदीप्तः स्वस्थः स्वपतिमित्रभे। मुदितो मित्रभे शान्तः समभे दीन उच्यते। शत्रुभे दुःखितोतीव विकलः पापसंयुतः। खलः खलगृहे ज्ञेयः कोपी स्यादर्कसंयुतः॥ २॥-उच्चस्थानमें स्थितग्रह दीप्त होताहै। अपनेस्वामी और मित्रस्थानमें स्थितस्वस्थ होताहै। मित्रस्थानमें स्थितग्रह प्रमुदित और शान्त होताहै। समग्रहके साथ पडाहुआ दीनहोताहै। शत्रुके स्थानमें स्थितग्रह अतिदुःखितहोताहै। पापग्रहकेसंगसे विकलहोताहै। खलग्रहकेसङ्गसे खल होताहै। और सूर्यके साथ पडाहुआग्रह कोपी होताहै॥ २॥ लग्नसे द्वादशेश और द्वितीयेश ग्रहोंके सम्बन्धीग्रहोंके दीप्तत्वादिगुणोंके अनुसारफल दिखातेहैं॥ "पाके प्रदीप्तस्य धराधिपत्यमुत्साहशौर्य्यं धनवाहने च॥ स्त्रीपुत्रलाभं शुभबन्धुपूज्यं क्षितीश्वरान्मानमुपैतिविद्यात्"॥ १॥-प्रदीप्तहग्रहकी दशाका परिपाक होनेपर राज्यप्राप्ति उत्साह शूरता धन सवारी स्त्री पुत्र शुभ बन्धुओंसे प्रतिष्ठा और विद्याके कारण राजासे मान यहफल होतेहैं॥ "स्वस्थस्य खेटस्य दशाविपाके स्वास्थ्यं नृपाल्लब्धधनादिसौख्यम्। विद्यां यशः प्रीतिमहत्त्वमाराद्दारार्थभूम्यादिजधर्म्ममेति॥२॥-स्वस्थग्रहकीदशाका परिपाकहोनेकेसमय स्वस्थता राजासेप्राप्तहुए धनसे सुखप्राप्ति विद्या यश और प्रीतितथाप्रतिष्ठाकेसाथ धन और भूमि आदिकी प्राप्ति होतीहै॥

"मुदान्वितस्यापिदशाविपाके वस्त्रादिभूगन्धसुतार्थधैर्य्यम् । पुराण धर्म्मश्रवणादिलाभं शस्त्रादियानाम्बरभूषणाप्तिम् " ॥ ३ ॥–प्रमुदितग्रहकी दशाके परिपाकके समय वस्त्र पृथ्वी गन्ध पुत्र धन धैर्य्य पुराण और धर्म्मविषयका श्रवण शस्त्र सवारी अम्बर और भूषणोंकी प्राप्ति होतीहै ॥ "दशाविपाके सुख धैर्य्यमेति शान्तस्य भूपुत्रकलत्रयानं ॥ विद्याविनोदान्वितधर्म्म शास्त्रं बव्हर्थदेशाधिपपूज्यताश्च ॥ ४ ॥–शान्तग्रहकीदशाका परिपाक होनेके समय सुख धैर्य्य भूमि पुत्र स्त्री सवारी विद्याके अभ्यासयुक्त धर्म्मशास्त्र अधिकधनवान् राजासे प्रतिष्ठा यहफल होतेहैं "स्थानच्युतिर्बन्धुविरोधिता च दीप्तस्य खेटस्य दशाविपाके ॥ जीवत्यसौ कुत्सितहीनवृत्त्या त्यक्तो जनैरोग निपीडितः स्यात् " ॥ ५॥–दीप्तग्रहकी दशाका परिपाकहोनेके समय स्थानछुटजाना कुटुम्बियोंसे विरोधहोना निन्दित हीनवृत्तिसे जीविकाकरना कुटुम्बके पुरुषोंसे वियोग और रोगसे पीडा होतीहै ॥ " दुःखार्दितस्यापि दशाविपाके नानाविधं दुःखमुपैति नित्यम् । विदेशगोबन्धुजनैर्विहीनश्चौराग्निभूपैर्भय-मातनोति ॥ ६ ॥–अतिदुःखितग्रहकी दशाका परिपाक होनेके समय नानाप्रकारका दुःख प्राप्तहोताहै बन्धुजनोंसे वियोगको प्राप्तहोकर परदेशको जाताहै और चोर अग्नि राजा इनसे भयहो-ताहै ॥ " वैकल्यखेटस्य दशाविपाके वैकल्यमायाति मनो-

विकारम्। मित्रादिकानां मरणं विशेषात्स्त्रीपुत्रयानाम्बरचोर-पीडाम् ॥ ७ ॥–विकलग्रहकीदशाकापरिपाकहोनेकेसमय विकलता उन्माद मित्रादिकोंका मरण ॥ " और स्त्री पुत्र सवारी वस्त्र इनसे और चोरसे पीडाको प्राप्त होताहै ॥ " दशाविपाके कलहं वियोगं खलस्य खेटस्य पितुर्वियोगम् । शत्रोर्जनानां धनभूमिनाशमुपैति नित्यं स्वजनैश्च निन्दाम् ॥ ८ ॥--खलग्रहकी दशाका परिपाक होनेकेसमय कलह पितासे वियोग शत्रुसे स्वजन धन और भूमिके नाश तथा अपने कुटुम्बी पुरुषोंसे-निन्दाको प्राप्त होताहै ॥ " कोपान्वितस्यापिदशाविपाके पापाः समायान्तिबहुप्रकारैः । विद्याधनस्त्रीसुतबंधुनाशं पुत्रादिकृच्छ्रं त्वथ नेत्ररोगम् ॥ ९ ॥--कोपग्रहकदिशाकापरिपाक होनेके समय नानाप्रकारसे पापोंकी प्राप्ति होती है विद्या धन स्त्री और पुत्रका नाश होता है पुत्रको पीडा और अपने नेत्रोंको पीडा होती है॥ ९ ॥

यही प्रदीप्तादि ग्रहोकाफल प्रदीप्तादि ग्रहोके सम्बन्धसे लग्नसे द्वादशेश और द्वितीयेशभी जिन तन्वादिभावोंमें पडेहों उनके द्वाराही प्रदीप्तादि ग्रहोंकी दशाका परिपाक होनेके समय देतेहैं ॥ ९ ॥

अपनी जन्मलग्नसे अष्टम स्थानके स्वामी ग्रहका शुभ और अशुभ फल दिखातेहैं ॥

भाग्यव्ययाधिपत्येन रन्ध्रेशो न शुभप्रदः ॥
स एव शुभसन्धाता लग्नाधीशोऽपिचेत्स्वयम्॥९॥

अन्वयः—रन्ध्रेशः भाग्यव्ययाधिपत्येन शुभप्रदः न भवति। चेत् सः एव स्वयं लग्नाधीशः अपि तर्हि शुभ-सन्धाता भवति ॥ ९ ॥

लग्नसे अष्टमस्थानकी रन्ध्र संज्ञाहै रन्ध्रेश अर्थात् लग्नसे अष्टम स्थानका स्वामी यदि अष्टम स्थानकाही स्वामी हो तौ शुभफल दायक नहीं होताहै। और यदि रन्ध्रेश अष्टम स्थान-का स्वामी होकर अपने आपही लग्नकाभी स्वामी होय तौ शुभ फल देताहै॥ यहाँ भाग्यव्ययाधिपत्येन इसका ऐसा अर्थ करना चाहियें। "भाग्यत् व्ययो भाग्यव्ययः"—नवमसे द्वादश अर्थात् अष्टमस्थान तिसका स्वामित्व। और "भाग्यव्यययो राधिपत्यं भाग्यव्ययाधिपत्यम्" भाग्य और व्ययका स्वामित्व ऐसा अर्थ नहीं करना चाहियें क्योंकि रन्ध्रेश व्ययेश कभी नहीं होताहै। परन्तु कोई ऐसा कहतेहैं कि अष्टमसे अष्टमभी रन्ध्र होताहै वही व्ययेश है जैसें कर्क लग्नहोनेपर अष्टमसे अष्टमजो व्ययस्थान उसका पति बुधभी रन्ध्रेश होताहै और व्ययस्थान का स्वामी होकर शुभफल नहीं देताहै इसकारण "भाग्य

व्ययर्योराधिपत्यं भाग्यव्ययाधिपत्यम् –" भाग्यस्थान और व्ययस्थानकास्वामी ॥ यह अर्थभी सङ्गतहै ॥ ९ ॥

पहले ऐसा कहाहै कि सौम्यग्रहभी केन्द्रस्थानके स्वामी होकर शुभफल नहीं देतेहैं तहाँ गुरु शुक्रके विषयमें विशेषता दिखलाते हैं ॥

केन्द्राधिपत्यदोषस्तु बलवान् गुरुशुक्रयोः ॥
मारकत्वेऽपि च तयोर्मारकस्थानसंस्थितिः।१०।

अन्वयः–गुरुशुक्रयोःतु केन्द्राधिपत्यदोषः बलवान् । अपिच तयोः मारकस्थानसंस्थितिः मारकत्वे बलवती ॥ १० ॥

बृहस्पति और शुक्रकोही केन्द्र (लग्न–चतुर्थ–सप्तम–दशम) स्थानके स्वामित्वरूपदोष बलवान् होताहै । और वही केन्द्राधीश गुरु और शुक्रकी यदि मारक स्थान अर्थात् लग्नसे सप्तम द्वितीय स्थानमें स्थिति होय तो यह मारकस्थान स्थिति गुरुशुक्रके मारकत्वमें बलवान् होती है । सप्तम और द्वितीय स्थानकी मारक संज्ञाहै ॥ १० ॥

ऊपरकेश्लोकमें तुशब्दसे ऐसा कहाहै कि बुधचन्द्रमाको केन्द्रस्थान के स्वामित्वका दोष नहीं है तहाँ विशेषता दिखलातेहैं-

बुधस्तदनु चन्द्रोऽपि भवेत्तदनु तद्विधः ॥
न रन्ध्रेशत्वदोषस्तु सूर्य्याचन्द्रमसोर्भवेत् ॥ ११ ॥

अन्वयः—तदनु बुधः तद्विधः तदनु चन्द्रः अपि तद्विधः भवेत् । सूर्य्याचन्द्रमसोः तु रन्ध्रेशत्वदोषः न भवेत् ११

तदनन्तर बुधकोभी केन्द्रस्थानके स्वामित्वका दोष होताहै परन्तु गुरुशुक्रकी अपेक्षा कम होतीहै और तदनन्तर चन्द्रमाकोभी केन्द्रस्थानके स्वामित्वका दोष होताहै परन्तु बुधकी अपेक्षाभी कम होतीहै । इसी प्रकार मारक स्थानमें स्थितिभी बुधके मारक होनेमें गुरुशुक्रकी अपेक्षा हीनबल होतीहै और चन्द्रमाकी मारकस्थानमें स्थिति चन्द्रमाके मारक होनेमें बुधकी अपेक्षा हीनबल होतीहै ॥ और सूर्य्यचन्द्रमाको रन्ध्र स्थानके स्वामित्वका दोष नहीं होताहै अर्थात् रन्ध्रेशहोकरभी सूर्य्यचन्द्रमा शुभही फल देतेहैं पहले रन्ध्रेशको अष्टमस्थानका स्वामित्व अशुभफलदायक कहाथा उसका यह अपवादहै ॥ ११ ॥

पहले ऐसा कह आयेहैं कि क्रूरग्रहभी केन्द्रस्थानके स्वामी होकर अशुभ फल नहीं देतेहैं तहाँ मंगलके विषयमें विशेषता दिखलातेहैं—

कुजस्य कर्म्मनेतृत्वप्रयुक्ता शुभकारिता ॥
त्रिकोणस्यापि नेतृत्वे न कर्म्मेशत्वमात्रतः १२॥

अन्वयः—कुजस्य त्रिकोणस्य अपि नेतृत्वे कर्म्मनेतृत्वप्रयुक्ता शुभकारिता भवति कर्म्मेशत्वमात्रतः शुभकारिता न भवति ॥ १२ ॥

मङ्गल यदि पञ्चमनवमस्थानका पति होकर कर्म्मस्थानका पति होय तौ शुभ फल देताहै और केवल कर्म्मस्थानका स्वामी होकर शुभ फल नहीं देताहै ॥ १२ ॥

राहु और केतु राश्यधीन नहीं हैं इसकारण राहुकेतुका-फल अलग लिखतेहैं--

यद्यद्भावगतौ वापि यद्यद्भावेशसंयुतौ ॥
तत्तत्फलानि प्रबलौ प्रदिशेतां तमोग्रहौ ॥ १३॥

अन्वयः—तमोग्रहौ यद्यद्भावगतौ यद्यद्भावेशसंयुतौ तत्तत्फलानि प्रबलौ सन्तौ प्रदिशेतां ॥ १३ ॥

राहु और केतु जिसजिसभावमें स्थित हों और जिसजिस-भावके पतिके साथ पडे हों उनउनही ग्रहोंके फलोंको अधिकतासे देतेहै ॥ ऊपर कहाहुआग्रहोंका सम्बन्ध चार

प्रकारका होताहै ॥ सो दिखाते हैं ॥ जोग्रह जिसराशिपर बैठाहोय उसराशिका स्वामी उसग्रहकीराशिपर बैठा होय जैसे-मेषका स्वामी मङ्गल तौ सिंहराशिमें स्थित हो और सिंहराशिका स्वामीं सूर्य मेषमें स्थित हो यह क्षेत्र सम्बन्ध है ॥ दुसरा सम्बन्ध ॥ दो ग्रह परस्पर जहाँ पूर्ण दृष्टिसे देखते होयँ तहाँ दृष्टिसम्बन्ध होता है ॥ तृतीय सम्बन्ध ॥ कोई ग्रह अन्य ग्रहकी राशिमें स्थित होय और उस राशिका स्वामी उसको पूर्ण दृष्टिसे देखता होय । जैसे सूर्य मेषराशिमें स्थित होय और मेषराशिका स्वामी मङ्गल मकरराशिमें स्थित होकर सूर्यको पूर्ण दृष्टिसे देखता होय तौभी सम्बन्ध होता है यह सम्बन्ध पूर्वोक्त दोनों सम्बन्धोंसे न्यून है ॥ चतुर्थ सम्बन्ध ॥ जहाँ दो ग्रह एक राशिपर बैठे होय तौ ग्रह सम्बन्ध होता है यह सम्बन्ध तृतीयसम्बन्धसे हीनवल है ॥ इन चारों सम्बन्धोंमें राहु और केतुका दीप सम्बन्ध कहाता है ॥ १३ ॥

इति श्रीमुनिवर्यपराशरोक्तोडुप्रदीपे संज्ञाध्यायस्य पंडितरामस्वरूपविरचिता सान्वयभाषाटीका समाप्ता ॥

अथ राजयोगाध्यायः ॥

केन्द्रत्रिकोणपतयः सम्बन्धेन परस्परम् ॥
इतरैरप्रसक्ताश्चेद्विशेषफलदायकाः ॥ १४ ॥

अन्वयः—केन्द्रत्रिकोणपतयः चेत् इतरैः अप्रसक्ताः तर्हि परस्परं सम्बन्धेन विशेषफलदायकाः भवन्ति १४॥

केन्द्र १।४।७।१० स्थान और त्रिकोण ५।९ स्थानोंके स्वामी यदि ३।६।११।८ इन स्थानोंके स्वामियोंसे सम्बन्ध रखते होयँ और परस्पर सम्बन्ध रखते होयँ तौ विशेष फलके दैनेवाले होते हैं। यह विशेष फलदायक योग कहलाताहै ॥ १४ ॥

ऊपर ऐसा कहा है कि सौम्य ग्रहभी यदि केन्द्र स्थानके स्वामी होंय तौ अशुभ फल देते हैं और त्रिकोणपति यदि त्रिषडायपति हो जाँय तौ पापफल देते हैं इस प्रकार केन्द्र-पति और त्रिकोणपति तौ दोषयुक्त हैं फिर यह विशेषफल दायक किस प्रकार होते हैं इस शंकाका समाधान लिखते हैं--

केन्द्रत्रिकोणनेतारौ दोषयुक्तावपि स्वयम् ॥
सम्बन्धमात्राद्बलिनौ भवेतां योगकारकौ ॥१५॥

अन्वयः—केन्द्रत्रिकोणनेतारौ स्वयं दोषयुक्तौ अपि सम्बन्धमात्रात् बलिनौ सन्तौ योगकारकौ भवेतां॥१५॥

यद्यपि केन्द्र १।४।७।१० स्थानोंके स्वामी और त्रिकोण ५।९ स्थानोंके स्वामी अपने आप दोषयुक्त है परन्तु परस्पर सम्बन्ध मात्रके होनेसे प्रबल होकर विशेषफलदायक योगका-

रक होते है ॥ क्योंकि "पञ्चमं नवमं चैव विशेषं धनमुच्यते। चतुर्थं दशमं चैव विशेषसुखमुच्यते"–पञ्चम और नवमस्थान विशेष धन है और चतुर्थ तथा दशमस्थान विशेष सुख है ॥इस पराशर मुनिके वचनसे त्रिकोणेशको धनेश होनेसे और चतुर्थ दशमस्थानके स्वामी अर्थात् केन्द्रेशको सुखेश होनेसे यह धनेश और सुखेशका योग होता है इस कारण विशेष फलदायक होता है ॥ १५ ॥

अब प्रबल राज योग लिखते है ॥

निवसेतां व्यत्ययेन तावुभौ धर्म्मकर्म्मणोः ॥
एकत्रान्यतरो वापि वसेच्चेद्योगकारकौ ॥ १६ ॥

अन्वयः–तौ उभौ व्यत्ययेन धर्म्मकर्म्मणोः निवसेतां (तदा योगो भवति)। वा एकत्र निवसेतां (तदापि योगो भवति)। अपि वा एक एव निजस्थाने निवसेत् तदा योगकारकौ भवतः ॥ १६ ॥

यदि केन्द्रपति और त्रिकोणपति दोनो व्यत्ययसे धर्म्मस्थान और कर्म्मस्थानके स्वामी होंय अर्थात् कर्म्मस्थान (केन्द्र स्थान) का पति तौ धर्म्म ९ स्थान कहिये त्रिकोणस्थानका पति होय और धर्म्मस्थानका पति स्थानका पति त्रिकोणस्थान कहिये केन्द्रपति होजाय तो योगकारक होते

हैं। अथवा कर्म्मस्थानका स्वामी और धर्म्मधर्म्मस्थानका स्वामी अर्थात् केन्द्रपति और त्रिकोणपति दोनोही एकही स्थानमें अर्थात् कर्म्मस्थानमेंही हों या धर्म्मस्थानमेंही हों तबभी योग होताहै। अथवा। केन्द्रपति या त्रिकोण अर्थात् कर्म्मेश या धर्म्मेश इन दोनोंमेंसे एकही अपने स्थानका स्वामी हो तबभी केन्द्रपति और त्रिकोणपति योग कारक होतेहैं ॥१६॥

त्रिकोणाधिपयोर्मध्ये सम्बन्धो येन केनचित् ॥
केन्द्रनाथस्य बलिनो भवेद्यदि सुयोगकृत्॥१७॥

अन्वयः—चेत् त्रिकोणाधिपयोः मध्ये येनकेनचित् बलिनः केन्द्रनाथस्य सम्बन्धः भवेत् तर्हि सुयोगकृत् भवति ॥ १७ ॥

यदि त्रिकोण ५।९ स्थानके स्वामियोंमेंसे किसी एकका बलवान् केन्द्रपति अर्थात् दशमस्थानके स्वामीके साथ पहले कहे हुए दृष्टिसम्बंन्धादि चार सम्बन्धोंमेंसे कोई सम्बन्ध होय तौ राज योगकारक होताहै ॥ १७ ॥

दशास्वपि भवेद्योगः प्रायशो योगकारिणोः ॥
दशाद्वयीमध्यगतस्तद्युक्शुभकारिणाम्॥१८॥

अन्वयः—प्रायशः योगकारिणोः दशाद्वयीमध्यगतः तदयुक्शुभकारिणां दशासु अपि योगः भवेत् ॥ १८ ॥

प्रायः केन्द्रपति और त्रिकोणपतिकी जो दशा अर्थात् कर्म्मेशकी दशा और धर्म्मेशकी दशा इन दोनोंदशाओंके बीचमें, जो योगकारक सम्बन्ध रहित शुभ ग्रहोंकी अन्तरदशा तिनमेंभी यह राज योग होता है ॥ १८ ॥

ऊपरके श्लोकमें धर्म्मेशकर्म्मेशकीदशामें योग कारक सम्बन्ध रहित शुभग्रहोंकी अन्तर्दशामेंभी राजयोग होताहै ऐसा कहाहै अब पापग्रहोंकी अन्तर्दशाका योगकारकत्व कहतेहैं—

योगकारकसम्वन्धात्पापिनोऽपि ग्रहाः स्वतः ॥
तत्तद्भुक्त्यनुसारेण दिशेयुर्योगजं फलम् ॥ १९॥

अन्वयः—स्वतः पापिनः अपि ग्रहाः योगकारकसम्बन्धात् तत्तद्भुक्त्यनुसारेण योगजं फलं दिशेयुः॥ १९॥

स्वभावसेहीजो पापग्रहहैं वहभी योगकारक ग्रहोंके सम्बन्धसे अपनी दशामें योगकारक ग्रहोंकी अन्तरदशा आवैतौ राजयोगका फल देतेहैं ॥ १९ ॥

केन्द्रत्रिकोणाधिपयोरेकत्वे योगकारकौ ॥
अन्यत्रिकोणपतिना सम्बन्धो यदि किंपरम्॥२०॥

अन्वयः—केन्द्रत्रिकोणाधिपयोः एकत्वे तौ उभौ योगकारकौ भवतः यदि तु अन्यत्रिकोणपतिना सम्बधः तदा ततः परं किं स्यात् ॥ २० ॥

एक केन्द्रस्थानकेपतिसे एकही त्रिकोणपति का सम्बन्ध होय तौ वह दोनो योगकारक होतेहैं और यदि दूसरेभी त्रिकोण पतिका सम्बन्ध होयतौ उससे श्रेष्ठयोग कौनसा होगा ? अर्थात् यह योग सबसे श्रेष्ठहै ॥ २० ॥

यहाँ पर्य्यन्त द्वादश भावोंके पति सूर्य्यादि ग्रहोंके योग कहे अब द्वादशभावोंके स्वामित्व रहित जो राहु केतु उनके योग कहतेहैं-

यदि केन्द्रे त्रिकोणे वा निवसेताम् तमोग्रहौ ॥
नाथेनान्यतरेणापि सम्बन्धाद्योगकारकौ ॥ २१॥

अन्वयः—यदि तमोग्रहौ केन्द्रे वा त्रिकोणे निवसेतां तदा अन्यतरेण अपि नाथेन सम्बन्धात् योगकारकौ भवतः ॥ २१ ॥

यदि राहु औरकेतु केन्द्र १।४।७ १० स्थानमें या त्रिकोण ५। ९ स्थानमें स्थित होकर केन्द्रस्थानके स्वामीसे या त्रिकोण स्थानके स्वामीसे सम्बन्ध रखतेहों अर्थात् जब

राहुकेतु केन्द्रस्थानमें स्थितहों तब त्रिकोणस्थानके स्वामीसे सम्बन्धरखतेहों और त्रिकोणस्थानमें स्थितहो तब केन्द्रपतिसे सम्बन्ध रखतेहों तौ योगकारक होतेहैं ॥ २१ ॥

अब राजयोगके भङ्गहोनेका प्रकारको लिखतेहैं–

धर्म्मकर्म्माधिनेतारौ रन्ध्रलाभाधिपौ यदि ॥
तयोः सम्बन्धमात्रेण न योगं लभते नरः ॥ २२ ॥

अन्वयः-यदि धर्म्मकर्म्माधिनेतारौ रन्ध्रलाभाधिपौ स्यातां तदा तथा तयोः सम्बन्धमात्रेण च नरः योगं न लभते २२

धर्म्म ९ स्थानका स्वामी और कर्म्म १० स्थानका स्वामी यदि रन्ध्रस्थान ८ और लाभस्थान ११ के स्वामीहो अर्थात् जो धर्म्मस्थानका स्वामी कहिये नवमभावका स्वामीहो वही यदि रन्ध्रस्थान कहिये अष्टमभावका स्वामी होजाय और जो कर्म्मस्थानका स्वामी कहि दशमभावका स्वामीहो वही लाभस्थानका स्वामी होजायतौ राजयोगभङ्ग होजाताहै और यदि धर्म्मेशका रन्ध्रेशसे और कर्मेशका लाभेशसे सम्बन्धहोय तबभी मनुष्य योगको नहीं प्राप्तहोताहै अर्थात् योगभङ्ग होजाताहै ॥ २२ ॥

इति श्रीपराशरप्रणीतोडुदायप्रदीपभाषाटीकायां पण्डित रामस्वरूपविरचितायां राजयोगाध्यायः समाप्तः ।

अथायुर्दाध्यायः ॥

अष्टमं ह्यायुषः स्थानमष्टमादष्टमञ्च यत् ॥
तयोरपि व्ययस्थानं मारकस्थानमुच्यते॥ २३ ॥

अन्वयः—अष्टमं यत् च अष्टमात् अष्टमं तत् आयुषः स्थानं उच्यते। अपि च तयोः व्ययस्थानं मारकस्थानं उच्यते ॥ २३ ॥

जन्मलग्नसे अष्टमस्थान और अष्टमसे अष्टमस्थान अर्थात् जन्मलग्नसे तृतीयस्थान यह दोनों आयुके स्थान कहलातेहैं। और अष्टमस्थानसे बारहमास्थान तथा तृतीय स्थानसे बारहमा स्थान अर्थात् जन्मलग्नसे सप्तमस्थान और द्वितीयस्थान यह मारक स्थान कहातेहैं ॥ २३ ॥

मारकस्थानोंमें परस्पर सप्तमकी अपेक्षा द्वितीय स्थान बलवान् होताहै यह बात दिखलातेहैं–

तत्राप्याद्यव्ययस्थानाद्द्वितीयं बलवत्तरम् ॥
तदीशितुस्तत्रगताः पापिनस्तेन संयुताः॥२४॥
तेषां दशाविपाकेषु संभवे निधनं नृणाम् ॥
तेषामसम्भवेसाक्षाद्व्ययाधीशदशास्वपि॥२५॥

अन्वयः—तत्र अपि आद्यव्ययस्थानात् द्वितीयं बल-

वत्तरं भवति । तदीशितुः तथा तेन संयुताः तत्रगताः ये पापिनः तेषां च दशाविपाकेषु नृणां निधनं वाच्यं तेषां असम्भवे व्ययाधीशदशासु अपि नृणां मरणं-वाच्यं ॥ २४ ॥ २५ ॥

तिनदोनो मारकस्थानोंमें आदिके व्ययस्थानसे अर्थात् सप्तमस्थानसे द्वितीय मारकस्थान अर्थात् द्वितीय स्थान बलवान् होताहै इसकारण उस द्वितीयस्थानके स्वामीकी तथा उस द्वितीयस्थानके स्वामीके अर्थात् मारकेशग्रहके साथ जो पापीग्रह (तृतीयेशषष्ठेश और लाभेश) पडेहों उनकी दशाओंका परिपाकहोनेके समय मनुष्योंका मरण कहना चाहियें और यदि पुरुषको जैमिनिसूत्रादिकोंके अनुसार अल्पायु निश्चय कियाहो और उतने आयुकालमें मारकेशकी दशा नहींहो और मारकेशके सङ्ग मारकस्थानमें पडनेवाले पापग्रहोंकीभी दशा नहो तौ जन्मलग्नसे द्वादशस्थानके स्वामीकी तथा द्वादशेशके सम्बन्धीग्रहोंकी दशाओंका परिपाक होनेके समय मनुष्योंका मरण कहना चाहियें ॥ २४ ॥ २५ ॥

अलाभे पुनरेतेषां सम्बन्धेन तदीशितुः ॥
क्वचिच्छुभानाञ्च दशास्वष्टमेशदशासु च॥२६॥

अन्वयः—पुनः एतेषां अलाभे तदीशितुः सम्बन्धेन शुभानाञ्च दशासु मरणं वाच्यं। क्वचित् तेषां अपि अलाभे अष्टमेशदशासु मरणं वाच्यं ॥ २६ ॥

यदि द्वादशेशके सम्बन्धी पापग्रहों (तृतीयेश–षष्ठेश एकादशेश) की दशाओंका सम्बन्ध नहीं होय तौ द्वादशेशके सम्बन्धी योगकारक शुभ ग्रहोंकी दशाओंके समय मरण कहना और यदि कहीं द्वादशेशके सम्बन्धी शुभग्रहोंकी दशाकाभी सम्भव नहीं होय तौ जन्मलग्नसे अष्टमभावके स्वामीकी दशाओंमें मरण कहना ॥ २६ ॥

यदि ऊपर कहे हुए किसीभी ग्रहकी दशाका सम्भाव न होय तौ मारकेशके जाननेकी रीति–

केवलानाञ्च पापानां दशासु निधनं क्वचित् ॥
कल्पनीयं बुधैर्नृणां मारकाणामदर्शने ॥ २७ ॥

अन्वयः—क्वचित् सर्वेषां मारकाणां अदर्शने बुधैः केवलानां पापानां दशासु च नृणां निधनं कल्पनीयं ॥ २७ ॥

यदि कहीं ऊपर कहे हुए सब मारकग्रहोंकी दशाओंका सम्भव नहीं होय तौ आयुके तत्वके जाननेवालोंको योग्य है कि मारक सम्बन्धसे रहित केवल पाप ग्रहोंकी दशाओंमेंभी

मनुष्योंका मरणकल्पना करना चाहियें ॥ सूर्य्य और चन्द्रमाकी छोडकर और मारकस्थानके स्वामी ग्रह मारकेश षष्ठेश अष्टमेश और व्ययेश तथा राहु केतु इनमें जो व्ययेश हो और जो नवांशपति हो वह ग्रह मारक होता है तथा चन्द्रक्रान्त ग्रहभी मारक होता है। पाप ग्रहको मारकत्व योग होय तौ मृत्यु होती है। और शुभग्रहको मारकत्व योग होय तौ पीडा मात्र होती है ॥ २७ ॥

अब शनिको मारकत्वयोग विशेष होता है यह दिखलाते हैं-

मारकैः सहसम्बन्धान्निहन्ता पापकृच्छनिः ॥
अतिक्रम्येतरान् सर्वान् भवत्येव न संशयः॥२८॥

अन्वयः–पापकृत् शनिः मारकैः सह सम्बन्धात् इतरान् सर्वान् अतिक्रम्य निहन्ता भवति एव अत्र संशयः न ॥ २८ ॥

शनि यदि तृतीयेश षष्ठेश तथा लाभेश होकर मारकेश आदिके साथ पूर्वोक्त दृष्टिसम्बन्धादिचार सम्बन्धोंमेंसे किसी प्रकारका सम्बन्ध रखता हो तौ सम्पूर्ण मारक ग्रह होंको अतिक्रमण करकै मारकशनिही होता है इसमें कुछसन्देह नहीं

है। और यदि शनिही मारकेश होय तौ तौ कहनाही क्या है ॥ २८॥ इति श्रीपराशर प्रणीतोडुप्रदीपभाषायां पण्डितराम स्वरूपविरचितायामायुर्दाध्यायः समाप्तः ॥

अथ नक्षत्रदशाध्यायः॥

न दिशेयुर्ग्रहाः सर्वे स्वदशासु स्वभुक्तिषु ॥
शुभाशुभफलं नृणामात्मभावानुरूपतः॥ २९॥

अन्वयः—सर्वे ग्रहाः स्वदशासु स्वभुक्तिषु च आत्मभावानुसारतः नृणां शुभाशुभफलं न दिशेयुः ॥ २९ ॥

सूर्यादिसम्पूर्णग्रह अपनी छः वर्ष आदिकी दशाओंके विषैं और अपनी दशामें होनेवाली अपनी अन्तर्दशाआदिमें-भी अपने अपने सिंहादिभावोंके अनुसार मनुष्योंको शुभ और अशुभ फल नहीं देते हैं ॥ २९ ॥

जिस समय फल देते हैं सो दिखाते हैं-

आत्मसम्बन्धिनो ये च ये वा निजसधर्म्मिणः ॥
तेषामन्तर्दशास्वेव दिशन्ति स्वदशाफलम्॥३०॥

अन्वयः—ये आत्मसम्बन्धिनः वाये निजसधर्म्मिणः च तेषां अन्तर्दशासु एव स्वदशाफलं दिशन्ति ॥ ३० ॥

जो ग्रह अपनेसे दृष्टिसम्बन्धादि चार सम्बन्धोमेंसे कोई

सम्बन्ध रखते हों या जो ग्रह अपने समान धर्म्मवाले ही अर्थात् दृष्ट्यादि किसी प्रकारका सम्बन्ध नरखकरभी शुभ अशुभ भावोंके स्वामित्वसे समान हों उनकी अन्तर्दशाओंमें अपनी अपनी दशाओंका शुभाशुभ फल सूर्य्यादि ग्रह देते हैं। यदि अपने आप सूर्य्यादि ग्रह शुभ हों और शुभ भावके ही पति हों तिसी प्रकार दूसरा ग्रहभी यादि शुभ हो और शुभ भावकाही स्वामी हो तब इसही अपने समान धर्म्मवाले ग्रहकी अन्तर्दशाओंमेही सूर्यादि ग्रह अपनी दशाओंका शुभफल देते है। और यदि अपने आप अशुभ हों और अशुभ भावकेही स्वामी हों तिसी प्रकार दूसरा ग्रहमी अशुभ हो और अशुभ भावका स्वामी हो तो इसही अपने समान धर्म्मवाले अशुभ ग्रहकी अन्तर्दशाओंमेंही अपना दशाओंका अशुभ फल देते हैं॥ ३०॥

यदि अपनेसे सम्बन्ध रखनेवाले और अपने समानधर्म्म-वालेग्रह न मिलैं तो दशाफलके कहनेकी रीति लिखते हैं—

इतरेषां दशानाथविरुद्धफलदायिनाम्॥
तत्तत्फलानुगुण्येन फलान्यूह्यानि सूरिभिः॥३१॥

अन्वयः—सूरिभिःदशानाथविरुद्धफलदायिनां इतरेषां फलानि तत्तत्फलानुगुण्येन ऊह्यानि॥ ३१॥

ग्रहोंके फलका तत्व जाननेवालोंको योग्य है कि दशानाथके विरुद्ध फल देनेवाले दशानाथके सम्बन्धरहित और दशानाथके समानधर्म्मरहित ग्रहोंकी अन्तर्दशाओंके विषें अन्तर्दशाओंके स्वामियोंके फलोंके अनुसार दशानाथके फलोंको जानैं। अर्थात् यदि दशानाथ शुभ फलको देनेवाला हो और दुसरे ग्रह अशुभ फलको देनेवाले हों तौं उनकी अन्तर्दशामें अशुभ फल होताहै और उसीके अनुसार दशानाथभी फल देता है और यदि दशानाथ अशुभफल देनेवाला हो अन्य ग्रह शुभफल देनेवाले हों तौ अन्तर्दशाओंमें दशानाथभी अशुभ फल न देकर शुभ फलही देगा ॥ ३१ ॥

ऐसा कहनेसे केन्द्रेश और त्रिकोणेश ग्रहोंकाभी इसी प्रकार फल प्रतीत होता है परन्तु केन्द्रेश और त्रिकोणेशके विषयमें कुछ विशेष कहते हैं ॥

स्वदशायां त्रिकोणेशभुक्तौ केन्द्रपतिः शुभम् ॥
दिशेत्सोऽपितथा नोचेदसम्बन्धेन पापकृत्३२॥

अन्वयः—केन्द्रपः स्वदशायां त्रिकोणभुक्तौ च शुभं दिशेत्। नोचेत् असम्बन्धेन पापकृत् भवति। तथा सः अपि ॥ ३२ ॥

केन्द्रस्थान १।४।७।१० का स्वामी अपनी दशामें और सम्बन्धी त्रिकोणस्थान ५।९ के स्वामीकी अन्तरदशामें शुभ फल देते हैं और यदि केन्द्रपतिका त्रिकोणेशसे सम्बन्ध नही होय तौ केन्द्रपति त्रिकोणपतिकी अन्तर्दशामें अशुभ फल देता है। इसी प्रकार त्रिकोणस्थानके स्वामी अपनी दशामें शुभ फल देते हैं। और यदि त्रिकोणपतिका केन्द्रपतिसे सम्बन्ध न होय तौ केन्द्रपतिकी अन्तर्दशामें त्रिकोणपति अशुभ फल देता है॥ ३२॥

राज योगके आरम्भकालमें जो दशा होय उस दशामें राज योगका फल कहते हैं-

आरम्भो राजयोगस्य भवेन्मारकभुक्तिषु॥
प्रथयन्ति तमारभ्य क्रमशः पापभुक्तयः॥ ३३॥

अन्वयः-यदि मारकभुक्तिषु राजयोगस्य आरम्भः भवेत्। तदा पापभुक्तयः तम् आरभ्य क्रमशः प्रथयंति॥ ३३॥

मारकस्थान ७।२ के स्वामीकी अंतर्दशाओंकेविषै यदि राजयोगका आरम्भ होय तौ वह मारकेश पाप ग्रहोंकी अन्तर्दशायें क्रमसे केवल राजाशब्द करकै प्रसिद्ध कर देती हैं। परन्तु तेजवृद्धि और राज्य सुखको नहीं करती हैं॥ ३३॥

तत्सम्बन्धिशुभानान्तु तथा पुनरसंयुजाम्॥
शुभानान्तु समत्वेन संयोगो योगकारिणाम्॥३४

अन्वयः—तत्सम्बन्धिशुभानाम् भुक्तिषु तथा। पुनः असंयुजाम् योगकारिणाम् शुभानाम् तु भुक्तिषु यदि संयोगः तदा समत्वेन तथा ॥ ३४ ॥

राजयोगकारकग्रहोंके सम्बन्धी शुभ ग्रहोंकी अन्तर्दशाओंके विषै राजयोगका आरम्भ होय तौ तौ अन्तर्दशा क्रमसे तेज और राज्यसुखको बढाती हैं। और यदि राजयोगकारक ग्रहोंके असम्बन्धी शुभ ग्रहोंकी अन्तर्दशामें राजयोगका प्रारम्भ होय तौ जितना तेज और राज्यसुख आरम्भके समय होय उतनाही रहता है कमती बढती नहीं होता है ॥ ३४ ॥

शुभस्यास्य प्रसक्तस्य दशायां योगकारकाः॥
स्वभुक्तिषु प्रयच्छन्ति कुत्रचिद्योगजं फलम्॥३५

अन्वयः—प्रसक्तस्य अस्य शुभस्य दशायां योगकारकाः स्वभुक्तिषु योगजम् फलम् कुत्राचित् प्रयच्छन्ति ॥ ३५ ॥

राजयोगकारक ग्रहोंके सम्बन्धी शुभ ग्रहकी दशामें योग

कारक ग्रह अपनी अपनी अन्तर्दशाओंके विषैं राजयोगके फलको देते हैं ॥ ३५ ॥

तमोग्रहौ शुभारूढावसम्बन्धेन केनचित् ॥
अन्तर्दशानुसारेण भवेताम् योगकारकौ॥३६ ॥

अन्वयः—केनचित्असम्बन्धेन शुभारूढौ तमोग्रहौ अन्तर्दशानुसारेण योगकारकौ भवेताम् ॥ ३६ ॥

किसी योगकारक ग्रहके सम्बन्धी नहोकरभी यदि राहु और केतु शुभस्थान केन्द्र १।४।७।१० और त्रिकोण ५।९इन-मेसे किसी स्थानमे स्थित हो और उनमे राजयोगकारककी अंतरदशा आवै तब राजयोग फल देते है। तहाभी यदि राज योगकारक शुभग्रहकी अन्तर्दशा होय तौ राजयोगका फल अधिक देते हैं और राजयोगकारकहीनग्रह अन्तर्दशामे राज-योगका हीन फल देते हैं ॥ ३६ ॥

पापग्रहोकी दशामे अन्तर्दशाओंका फल दिखाते है—

पापा यदि दशानाथाः शुभानां तदसंयुजाम्
भुक्तयः पापफलदास्तत्संयुक्शुभभुक्तयः॥३७॥
भवन्ति मिश्रफलदा भुक्तयो योगकारिणाम् ॥
अत्यन्तपापफलदा भवन्ति तदसंयुजाम् ॥३८॥

अन्वयः—दशानाथाः यदि पापाः स्युःतदा तदसंयुजाम् शुभानाम् भुक्तयः पापफलदाः भवन्ति। तत्संयुक् शुभभुक्तयः मिश्रफलदाः भवन्ति। तदसंयुजाम् योगकारिणां भुक्तयःअत्यन्तपापफलदाः भवन्ति॥ ३७॥३८॥

यदिदशानाथ अशुभग्रहहों तौ दशानाथके सम्बन्धरहित शुभग्रहोंकी अन्तर्दशा अशुभफलदेतीहैं। और पापीदशानाथके सम्बन्धी शुभग्रहोंकी अन्तर्दशामें मिश्रफलदेतीहैं। और पापी दशानाथके असम्बन्धी योगकारक पापग्रहोंकी अन्तर्दशा अत्यन्त अशुभफलदेतीहैं॥ ३७॥ ३८॥

मारकेशको अन्तर्दशाके कारण मारकत्व दिखातेहैं—

सत्यपि स्वेन सम्बन्धे न हन्ति शुभभुक्तिषु॥
हन्ति सत्यपि सम्बन्धे मारकः पापभुक्तिषु॥३९॥

अन्वयः—स्वेन सम्बन्धे सत्यपि मारकः शुभभुक्तिषु न हन्ति सत्यपि सम्बन्धे पापभुक्तिषु हन्ति॥ ३९॥

अपना सम्बन्ध होनेपरभी शुभग्रहोंकी अन्तरदशामें मारकेश मृत्यु नहीं देताहै अर्थात् मारकत्वमें सम्बन्धप्रयोजक नहीं होताहै और अपना सम्बन्धहोनेपर अशुभग्रहोंकी अन्तर्दशामें मारकेश मृत्यु देताहै॥ ३९॥

परस्परदशायां स्वभुक्तौ सूर्य्यजभार्गवौ ॥
व्यत्ययेन विशेषेण प्रदिशेतां शुभाशुभम्॥४०॥

अन्वयः–सुर्यजभार्गवौ परस्परदशायाम् स्वभुक्तौ व्यत्ययेन विशेषेण शुभाशुभम् प्रदिशताम् ॥ ४० ॥

शनैश्चर और शुक्र परस्परदशामें अर्थात् शनि की दशामें शुक्र और शुक्रकी दशामें शनि विपरीतता करके शुभ और अशुभफलको विशेषरूपकरकै देतेहैं अर्थात् शनिकीदशामें शुक्र अपनी अन्तर्दशाके समय शुक्र शनिकाही शुभा शुभफल विशेषदेताहै इसीप्रकार शुक्रकीदशामें शनि अपनी अन्तर्दशाके समय शनि शुक्रकाही शुभाशुभफलदेताहै ॥ ४० ॥

अत्रप्रसिद्धकारकराजयोगालिखते हैं–

कर्म्मलग्नाधिनेतारावन्योन्याश्रयसंस्थितौ ॥
राजयोगाविति प्रोक्तंविख्यातो विजयी भवेत्४१

अन्वयः–अन्योन्याश्रयसंस्थितौ कर्मलग्नाधिनेतारौ राजयोगौभवतः इति प्रोक्तम् । अस्मिन् योगे जातः पुरुषः विख्यातः विजयी च भवेत् ॥ ४१ ॥

यदि कर्म्मेश और लग्नेश अन्योन्यस्थानमें स्थितहों

अर्थात् दशमभावकास्वामी जन्मलग्नमें स्थितहोय और जन्म लग्नस्थानका स्वामी दशमस्थान स्थितहो तब राजयोगहोताहै इसयोगमें उत्पन्न होनेवाला मनुष्य प्रसिद्धहोताहै और संग्राम तथा सभामें विजय पाताहै ॥४१॥

धर्म्मकर्म्माधिनेतारावन्योन्याश्रयसंस्थितौ ॥
राजयोगाविति प्रोक्तं विख्यातो विजयी भवेत् ४२

अन्वयः अन्योन्याश्रयसंस्थितौ धर्मकर्माधिनेतारौ राजयोगौ भवतः इति प्रोक्तम् तस्मिन् योगे जातःविख्यातः विजयी च भवेत् ॥ ४२ ॥

धर्म्मेश और कर्म्मेश यदि अन्योन्यस्थानमें स्थितहों अर्थात् नवमभावका स्वामी दशमभावमे स्थितहो और दशमभावका स्वामी नवमभावमें स्थितहो तब राजयोग होताहै इस राजयोगमें उत्पन्न होनेवाला प्रसिद्धहोताहै और संग्राम तथा सभामें विजय पाताहै ॥४२॥ इति श्रीपराशरमुनि प्रणीतोडुप्रदीपोद्योतभाषाटीकायां मुरादाबादवास्तव्यपण्डित भोलानाथतनूजरामस्वरूपशर्म्मविरचितायामन्तर्दशाध्यायः समाप्तः ॥

समाप्तश्चायं ग्रन्थः ।